हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

13 ऑनलाइन टोकन काटने में किसानों को हो रही हैं दिक्कतें



14 नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### तीन दिन में 3 डिग्री गिरेगा पारा, बढ़ेगी ठिठुरन

**धमतरी।** बुधवार से प्रदेश में न्यूनतम तापमान में क्रमिक गिरावट होगी। तीन दिन में पारा 3 डिग्री तक गिरने की संभावना है। 26 से 28 नवम्बर तक उत्तर छग के एक दो पॉकेट में शीत लहर चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मलक्का जलडमरू मध्य के उपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। यह सिनोप्टिक सिस्टम मलेशिया से 90 किमी पश्चिम में इंडोनेशिया से 270 किमी पूर्व में निकोबार द्वीप समूह से 850 किमी पूर्व दक्षिण में स्थित है। इसके पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। आगामी तीन दिनों में न्यूनतम तथा अधिकतम तापमान में 3 डिग्री की क्रमिक गिरावट आएगी। उत्तर छग में शीतलहर चलने की संभावना है।

### टैक्सी ड्राइवर का मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में टैक्सी ड्राइवर का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के कम से कम दसवीं उत्तीर्ण युवा 29 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अपने साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक व पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में नियत तिथि तक जमा कर सकते हैं।

धमतरी-नगरी स्टेट हाईवे स्थित कर्राघाटी में आज चक्काजाम

# वनांचल के अन्नदाताओं में पनप रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित राजस्व परिवर्तित वन ग्रामों के हजारों किसान आंदोलन के मूड में हैं। नगरी क्षेत्र के ग्राम बोकराबेड़ा तथा हिर्रीडीह के किसानों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। वहीं किसान संघर्ष समिति जोन बेलरबाहरा ने नगरी तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कर्राघाटी चौक नगरी में चक्काजाम करने की सूचना दी है।

मंगलवार को सुदूर वनांचल ग्राम बोकराबेड़ा से पहुंचे किसान रामरतन मंडावी, देवकुमार नेताम, गुहरीराम मरकाम, जगदीश मंडावी, वीरेन्द्र कुमार मरकाम, कमलेश नेताम, रामप्रसाद मरकाम, यदुराम नेताम आदि ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि बोकराबेड़ा के सभी किसानों को वन अधिकार पट्टा जारी किया गया है। सभी किसान विगत वर्षों से समर्थन मूल्य पर धान बेचते आ रहे हैं। सभी किसानों का पंजीयन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बेलरगांव में हैं। खरीफ फसल के लिए बेलरगांव समिति के किसानों ने कर्ज लिया है लेकिन एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं होने से वन अधिकार पट्टा के तहत समिति में धान नहीं बिक पा रहा है। किसानों ने पंजीकृत किसानों का धान विक्रय के लिए अनुमति दिलाने की मांग की है।



ग्राम पंचायत हिर्रीडीह के पट्टाधारी किसान जोहनराम, राजेश्वर नेताम, भुनेश्वर, देशीराम, महेन्द्र कुमार, रतनलाल आदि ने बताया कि वे वन मान्यता पट्टाधारी किसान हैं। वन पट्टाधारी किसानों का धान उपार्जन केन्द्र में वन पट्टा का रकबा जीरो हेक्टेयर या जितनी जमीन है, उससे कम बता रहा है लेकिन खरीफ फसल के लिए सोसाइटी से कर्ज मिला है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का पंजीयन नहीं होने से कर्जमुक्त होने तथा आर्थिक नुकसान होने की शिकायत की है।

वनांचल क्षेत्र के किसानों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चक्काजाम का ऐलान किया है। बुधवार 26 नवम्बर को धमतरी नगरी मुख्य मार्ग में कर्राघाटी मोड़ के पास प्रदर्शन होगा। इस संबंध में किसाान संघर्ष समिति बेलरबाहरा जोन के किसानों ने नगरी तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। समिति ने मांग की वनग्राम, राजस्व ग्राम के पंजीयन में हुई गड़बड़ी को सुधारकर तत्काल पंजीयन एवं टोकन जारी करें। बेलरबाहरा उपार्जन केन्द्र में प्रतिदिन खरीदी की लिमिट 450 क्विंटल को बढ़ाकर 2000 क्विंटल करने, ग्राम ठेनही के 9 किसान तथा अरसीकन्हार के 5 किसानों का पंजीयन उपार्जन केन्द्र सांकरा, उमरगांव से सुधार कर उपार्जन केन्द्र, बेलरबाहरा में पंजीयन करने, वनग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तित किसानों को नवीन पट्टा दिलाने, चिटफंड अधिनियम एक्ट 2019 लागू कर चुनावी वादे के अनुसार निवेशकों को रकबा वापस दिलाने की मांग है। ज्ञापन सौंपने वालों में किसान संघर्ष समिति बेलहरबाहरा जोन के अध्यक्ष एवं सरपंच नरेश मांझी, जनपद सदस्य सिरधन सोम, घनश्याम नेताम, नेहरू लाल, तरूण कुमार, महेन्द्र, जितेन्द्र, रमेश कुमार, श्यामलाल, संतोष मरई, कृष्णा मौजूद थे।

**काम में लौटने के बाद सूखत की भरपाई को लेकर समिति कर्मचारी चिंतित**

# धान का उठाव शुरू नहीं, सूखत का खतरा मंडरा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धान खरीदी को 11 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक धान का उठाव शुरू नहीं हुआ है। खरीदी केंद्रों में सवा पांच लाख क्विंटल से अधिक धान जाम हो चुका है। अब तो समिति कर्मचारियों के लौट आने पर खरीदी की रफ्तार भी तेज हो गई है। यदि शीघ्र ही धान का उठाव नहीं किया जाता है तो खरीदी केंद्रों में जाम लगते देर नहीं लगेगी।

जिस समस्या को लेकर सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने आंदोलन किया था, वह समस्या आज भी बरकरार है। उठाव में लेट लतीफी के चलते सूखत का खतरा अभी मंडरा रहा है। नियम के तहत खरीदी के एक सप्ताह के अंदर खरीदी केंद्रों से धान का उठाव किया जाना चाहिए, लेकिन कर्मचारियों के आंदोलन के बाद भी इस नियम का अनुसरण नहीं किया जा रहा है। 15 नवंबर से धान खरीदी चालू है। धान खरीदी शुरू हुए आज 11 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक धान का उठाव शुरू नहीं किया गया है। कटाई के धान को थोड़ा धूप दिखाकर किसान समितियों में बेचने पहुंच रहे हैं। इससे धान में नमी भी आ रही है। इसका असर यह हो रहा है कि खरीदी केंद्रों में धान सूख रहा है। प्रशासन की कार्रवाई के डर से समिति प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारी निःशर्त काम पर लौट आए हैं, लेकिन अब वे सूखत मेंटन करने को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने खरीदी केंद्रों से धान का उठाव शीघ्र करने की मांग शासन- प्रशासन से की है।



### 11 हजार किसानों ने बेचा धान

धान खरीदी की स्थिति देखें तो अब तक 11 हजार 351 किसानों से 5 लाख 26 हजार 463 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 124 करोड़ 94 लाख 61 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। किसानों से लिंकिंग खरीदी के माध्यम से 28 करोड़ 94 लाख रुपए की ऋण वसूली की गई है। किसानों ने बताया कि इस बार खरीदी में पेमेंट सिस्टम ठीक है। किसानों को एक सप्ताह के भीतर धान का भुगतान किया जा रहा है।

# डंप कचरे का उठाव नहीं होने से अस्पताल परिसर में फैल रही गंदगी



■ कचरे से निकलने वाली बदबू से वार्ड में भर्ती मरीज व अटेंडर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अस्पताल परिसर में डंप कचरे का उठाव नहीं होने के कारण फैल रही बदबू से वार्ड में भर्ती मरीज, अटेंडर सहित स्टाफ भी परेशान हैं।

जिला चिकित्सालय से रोजाना साफ-सफाई के बाद काफी कचरा निकलता है जो सामान्य कचरा होता है। इसे सफाई कर्मी संग्रहित कर मर्च्यूरी के पास एक निर्धारित स्थान पर डंप कर देते हैं। वहीं अस्पताल से मेडिकल वेस्ट भी निकलता है जिसे अलग स्थान पर संग्रहित कर रखा जाता है। मेडिकल वेस्ट के उठाव के लिए सिलतरा प्लांट से वाहन आता है जो मेडिकल वेस्ट कलेक्ट कर ले जाता है जबकि अस्पताल से निकलने वाले सामान्य कचरा का उठाव नगर निगम करता है। निगम की गाड़ी डम्प कचरा को ले जाकर उसका निष्पादन करती है लेकिन निरंतर उठाव नहीं होने के कारण डम्पिंग स्थान में रोजाना कचरा बढ़ता जाता है जिसे मवेशी व कुत्ते इधर-उधर फैलाते हैं। जिसके कारण कचरे से नालियां भर जाती है। वहीं पॉलीथिन हवा में उड़कर परिसर में फैलता रहता है। ज्यादा दिनों तक कचरा डंप होने से असहनीय दुर्गन्ध उठने लगती है जबकि वहीं पर न्यू वार्ड है। इससे भर्ती मरीज व अटेंडर असहनीय बदबू ▶▶ शेष पेज 12 पर

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्याश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण-** 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

47वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



स्व. सेठ पुरूषोत्तम दास धोरीभाई पटेल

भूतपूर्व विधायक धमतरी, स्वर्गवास- 26 नवंबर 1978
**आज आपकी पुण्यतिथि पर**
हम समस्त परिजन आपको अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
आपकी दया, करूणा स्नेह एवं समस्त परिजनों के प्रति
आपका ममत्व भाव हमारे दिलों में समाया हुआ है,
आपकी पवित्र आत्मा को प्रभु शाश्वत सुख व परम शांति प्रदान करे।

फर्म :- मे.पुरूषोत्तम दास धोरीभाई एण्ड कंपनी, धमतरी
के समस्त कर्मचारी एवं सहयोगी

बिपिनचंद्र पटेल
विवेक पटेल
निशीत पटेल
डॉ.जय पटेल
भाविक पटेल

## खबर संक्षेप

### मछली पकड़ने गये ग्रामीण की डूबने से हुई मौत

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत गुट्टा सरार में मछली पकड़ने के लिए गए ग्रामीण का डूबने से मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कन्हनपुरी निवासी 45 वर्षीय दिलीप सलाम 24 नवंबर को गुट्टा सरार में मछली पकड़ने के लिए गया हुआ था। अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अज्ञात की डूबने से हो गई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत कुष्टीकुर में अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में डूबा हुआ मिला। कुष्टीकुर निवासी 36 वर्षीय महेश पोटाई ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर को अज्ञात का शव दिखाई दिया, जिसका उम्र 40-45 वर्ष है। अज्ञात व्यक्ति का डूबने से मौत हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष शर्मा आज जिले के प्रवास पर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा संदीप शर्मा 26 नवम्बर को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे प्रातः 9.30 बजे विश्राम गृह कांकेर पहुंचेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आंगनबाड़ी, उचित मूल्य दुकान, मध्यान्ह भोजन एवं छात्रावास का निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 तक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे, जिसके बाद वे रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### पीएचसी आयुष्मान आड़ावाल अस्पताल को दी व्हीलचेयर

**जगदलपुर।** पीएचसी आयुष्मान आड़ावाल अस्पताल में सोमवार को भावपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब स्व. दिनेश मिश्रा की स्मृति में उनकी पत्नी अंजली मिश्रा ने अस्पताल के लिए व्हीलचेयर दान की। इस अवसर पर उनकी बेटियां सोनल मिश्रा एवं प्रेरणा मिश्रा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रदीप देवांगन, समाजसेवी हीरामन कुकड़े, आड़ावाल सरपंच श्रीमती जयंती कश्यप, उपसरपंच जेना तथा ग्राम सचिव तूलमनी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### मृतक के परिजन के लिए 4 लाख आर्थिक सहायता

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के आश्रित को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### डंप कचरे का उठाव नहीं होने से अस्पताल परिसर में फैल रही गंदगी

से परेशान रहते हैं। वहीं मर्रच्यूरी में पोस्टमार्टम कराने पहुंचे मृतक के परिजनों को भी गंदगी व बदबू का सामना करना पड़ता है। कचरे की बढ़ती मात्रा को देख अस्पताल प्रबंधन द्वारा निगम को पत्राचार किया जाता है लेकिन कचरा को उठाने में तेजी नहीं दिखाई जाती। कभी-कभी तो 10 से 15 दिन तक कचरा डम्प रहता है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा संजय कुमार वारदे पिता श्री रेखराम वारदे निवासी शारदा नगर रूद्री तह. व जिला धमतरी (छ.ग.) में विक्रेता के आधिपत्य व स्वामित्व की खुली भूमि ग्राम श्यामतराई प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. रूद्री तह. व जिला धमतरी छ.ग. में स्थित भूमि का खसरा नं 431/5 रकबा 0.02 हे. (1800 वर्गफुट) भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है तथा विक्रेता द्वारा क्रेता से बयाना राशि प्राप्त कर लिया गया है शेष राशि प्राप्त कर पंजीयन किया जाना है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/निगम बैंक/विभाग आदि को उक्त सौदे को लेकर किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी प्रकार का हक दावा रखता हो तो प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अंदर मेरे निम्न वर्णित पते पर समय पर उपस्थित होकर अपना अपना दावा आपत्ति मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त भूमि को हर प्रकार के विवादों एवं कर्जभारों से मुक्त मानकर क्रेता के पक्ष में पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करा दी जावेगी। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध माना जावेगा।

अतः यह आम सूचना सद्भावनापूर्वक प्रकाशित कराई गई है।

स्थान :-धमतरी
दिनांक :-25.11.2025

कु. दामिनी कुर्रे अधिवक्ता
तहसील कार्यालय धमतरी
मो.नं 62646-18054

महाशिवरात्रि पर होगी प्राण-प्रतिष्ठा, महेश फाउंडेशन करेगा 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह

# सोंढूर में 40 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा हो रही तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सोंढूर (मेचका) में भगवान शिव की 40 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा का निर्माण तेजी से पूर्णतः की ओर है। यह विराट प्रतिमा क्षेत्र की धार्मिक आस्था का केंद्र बनने के साथ ही सोंढूर को एक नई आध्यात्मिक पहचान प्रदान करेगी। कारीगरों और विशेषज्ञों द्वारा मिट्टी, सीमेंट और शिल्पकारी के सूक्ष्मतम कार्य को बड़े ही सौंदर्यपूर्ण ढंग से अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इस वर्ष महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा होगी। पूरे आयोजन को दिव्य एवं भव्य स्वरूप देने की जिम्मेदारी महेश फाउंडेशन सांकरा एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा संयुक्त रूप से निभाई जा रही है।

फाउंडेशन के संस्थापक हितेश महेश सिन्हा ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर को सामाजिक सेवा से जोड़ते हुए 21 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह कराया जाएगा। इनमें वही बेटियां शामिल होंगी, जिनके परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और संसाधनों के अभाव में उनके विवाह में कठिनाई आ रही है। हमारी मंशा है कि किसी भी बेटी का विवाह आर्थिक अभाव के कारण रुकना नहीं चाहिए। महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के पावन मिलन का प्रतीक है। ऐसे शुभ अवसर पर बेटियों का विवाह कराना हमारे लिए ईश्वरीय सेवा के समान है। श्री सिन्हा ने बताया कि विवाह स्थल 40 फीट ऊंची शिव प्रतिमा के समीप तैयार किया जा रहा है, ताकि सभी नवविवाहित जोड़े भगवान शिव के आशीर्वाद से अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत कर सकें। आयोजन में पंडितों द्वारा वैदिक अनुष्ठान, बारात स्वागत, सामूहिक पूजन, भव्य भोजन व्यवस्था और संपूर्ण विवाह सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह चरम पर है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाशिवरात्रि के दिन इस आयोजन के साक्षी बनने की तैयारी कर रहे हैं।

# कमलनारायण बने नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



■ सीजीपीएससी में 20वां रैंक प्राप्त किया

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) 2024 का परीक्षा परिणाम जारी हुआ है। करेली बड़ी निवासी कमलनारायण पिता पदुम साहू सीजीपीएससी की परीक्षा में 20वां रैंक प्राप्त कर नायब तहसीलदार बने।

कमलनारायण ने बताया कि 2021 से सीजीपीएसी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। 2022 में 143 वां रैंक आया था। 2024 की पीएसी परीक्षा में कड़ी मेहनत की और 20वां रैंक लेकर नायब तहसीलदार पद में चयनित हुए। उन्होंने बताया कि वे शासकीय अस्पताल मेकाहारा रायपुर में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। अस्पताल की डयूटी के साथ उन्होंने सीजीपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण कर प्रशासनिक अधिकारी बनना उनका लक्ष्य था। चौथे प्रयास में सफलता मिली। उन्होंने बताया कि 2021 से 5 से 6 घण्टे तक लगन के साथ नियमित पढ़ाई की। परिणाम स्वरूप प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उनका चयन हुआ।

उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता पदुम साहू, मां फुलकुंवर साहू, छोटे भाई गुलशन साहू समेत गुरुजन और मित्रों को दिया। पूर्व सरपंच पदुमलाल साहू ने कहा कि कमलनारायण की सफलता से गांव, जिला समेत साहू समाज गौरान्वित है।

# अध्यक्ष ने लिया एसआईआर पुनरीक्षण कार्यों का जायजा

■ आम नागरिकों के साथ बैठकर फॉर्म भरवाने में सहयोग किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने मतदाता पुनरीक्षण सेंटर का निरीक्षण कर मतदाता परीक्षण एवं सुधार कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष आम नागरिकों के साथ बैठकर उनके फॉर्म भरवाने में सहयोग करते दिखाई दिए। उन्होंने केंद्र में चल रही प्रक्रियाओं, व्यवस्थाओं और प्रबंधन का भी जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने भठेली के दोनों बूथों से बातचीत कर वहां की स्थितियों की जानकारी ली और कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत के कर्मचारियों की भी ड्यूटी सभी जगह पर लगी है।

अध्यक्ष जैन ने कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और इसमें किसी भी नागरिक को असुविधा नहीं होनी चाहिए। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र मतदाता का नाम सही तरीके से सूची में शामिल हो। नगर में चल रहे इस अभियान से लोगों में जागरूकता बढ़ी है और आमजन अध्यक्ष की सक्रियता की सराहना कर रहे हैं।

# ठेनही में मितानिनों का हुआ सम्मान

■ जनप्रतिनिधियों ने श्रीफल, साड़ी एवं चंदन लगाकर किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगरी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेनही में स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सभी मितानिनों का सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह में उपसीन बाई मरकाम एमटी, मितानिन संतोषी धुल तुमड़ीबहार, भानुमति नाग ठेनही, गजेन्द्री शांडिल्य दौड़ पंडरीपानी, सुमित्रा सोरी अर्जुनी, जानकी ठाकुर गाताभर्री, सुखबती नागेश बसीन सहित ग्राम पंचायत क्षेत्र की सभी मितानिनों को श्रीफल, साड़ी भेंटकर एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीधान सोम, सरपंच ज्योति सोम, उपसरपंच रूपेश नाग, वार्ड पंच सुनीति नाग, दिनेश यादव, भुनेश्वरी ओटी, प्रमिला ओटी, भुनेश्वरी यादव, सचिव हुलेश प्रजापति, मिथिलेश बोरझा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने मितानिन बहनों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे ग्रामीणों के स्वास्थ्य संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उनके समर्पण और सेवाभाव से ही गांव में स्वास्थ्य जागरूकता लगातार बढ़ रही है।

# तदर्थ अधिवक्ता संघ भखारा ने किया शत्रुहन सिंह का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद निर्वाचन में निर्वाचित हुए अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू के प्रथम आगमन पर तदर्थ अधिवक्ता संघ भखारा ने स्वागत व सम्मान किया। वे धमतरी जिले के पहले अधिवक्ता हैं जिन्होंने यह मुकाम हासिल किया।

इस अवसर पर अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने कहा कि वह अधिवक्ता के अधिकार के लिए हरसम्भव प्रयास करेंगे व अपनी नई ऊर्जा के साथ सबको साथ लेकर व सबके साथ मिलकर कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में यशवंत साहू सीनियर अधिवक्ता, हेमंत साहू तदर्थ अधिवक्ता संघ भखारा, जितेंद्र तेलासी उपाध्यक्ष, तोरण साहू सचिव, शेखरदास मानिकपुरी कोषाध्यक्ष, आरके लहरी, एकनाथ साहू, डीआर साहू, अश्वनी चंद्राकर, बलदाऊराम साहू, विशेश्वर साहू, गणपत साहू, मगेन्द्र साहू समेत अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।

# भारत की महान वीरांगनाओं के जीवन से शिक्षा लेकर स्वयं को मजबूत बनाएं

■ रुद्री स्कूल में वीरांगना दिवस पर दिया गया महिला सशक्तिकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिले में वीरांगना दिवस का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री में किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के निर्देशानुसार, जिला कार्यक्रम अधिकारी जगरानी एक्का तथा महिला एवं बाल विकास अधिकारी महेश मरकाम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में छात्रों को भारत की महान वीरांगनाओं रानी लक्ष्मीबाई, अवंतीबाई, अहिल्याबाई होलकर, जीजाबाई, सरोजिनी नायडू, छत्तीसगढ़ की वीरांगनाएं मिनी माता और बहादुर कलारीन के जीवन, नेतृत्व, शौर्य और बलिदान से प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया गया। बच्चों को बताया गया कि ये महान महिलाएं देश सेवा में सदैव अग्रणी रहीं और उनके जीवन से शिक्षा लेकर स्वयं को मजबूत बनाना चाहिए।

इस अवसर पर चित्रकला, फैंसी ड्रेस और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विभाग की विभिन्न योजनाओं महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पाक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण केंद्र की जेंडर विशेषज्ञ प्रियंका जंजीर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के केस वर्कर गुनेश सेन एवं जागृति ध्रुव उपस्थित रहीं।

# बच्चों को बताए मेमोरी पावर बढ़ाने के सरल उपाय

■ समाधान एकेडमी में डॉ. अवधेश का हुआ प्रेरक व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



समाधान एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल करेली बड़ी में माइंड व मेमोरी पावर एक्सपर्ट डॉ. अवधेश पटेल का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बैंडबाजा और फूलमाला से डॉ. पटेल का गर्मजोशी से स्वागत किया। छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. अवधेश पटेल ने मन और स्मरण शक्ति के विकास, एकाग्रता बढ़ाने तथा विषयों को लंबे समय तक याद रखने की तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने सोने से पहले और उठने के बाद की जाने वाली गतिविधियों के माध्यम से मेमोरी पावर बढ़ाने के सरल उपाय बताए, जिसे बच्चों ने उत्साहपूर्वक सीखा।

कार्यक्रम में आईटीआई मगरलोड, शास. माध्य. शाला करेली बड़ी, सरस्वती शिशु मंदिर बोड़रा, एंबिशन पब्लिक स्कूल मेघा, समाधान विद्यालय मंदरौद, मधुबन पब्लिक स्कूल परसवानी, पारख दास रेनबो इंग्लिश मीडियम स्कूल मेघा व भूपेश चौधरी आकृति प्ले स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आमदी कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)



शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के दिशा-निर्देश में महाविद्यालय में सुंदरलाल मंडावी गार्डनर धमतरी एवं खेमराज साहू द्वारा ऑक्सीजन प्लांट का रोपण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने आक्सीजन प्लांट के रोपण को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उपयोगी बताया। इस पौधे की विशेषता है कि हवा को शुद्ध करता है। फॉर्मल एल्डिहाइड, बेंजीन टॉक्सिक को हटाता है। तापमान और नमी को नियंत्रित करता है। कम पानी में भी आसानी से जीवित रहता है। इसे घर, बगीचे या गमले कहीं पर भी उगाया जा सकता है। रात में भी थोड़ी ऑक्सीजन छोड़ता है। श्री मंडावी और श्री साहू ने बताया कि वे पर्यावरण के संवर्धन एवं संरक्षण को बढ़ावा देने विभिन्न संस्था में निःशुल्क पौधा रोपणकर सेवा का कार्य करते हैं। इस कार्य की प्राचार्य डॉ. जायसवाल, तरुण बनर्जी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, अंकित कुमार बुधवानी प्राध्यापक वाणिज्य, डिगेश्वर अटल सहायक अध्यापक भूगोल एवं अतिथि प्राध्यापक योगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार सिंह, महेश साहू, डॉ. उपमा, डॉ. खुशबू साहू, आंचल अरोरा, भुजेश मंडावी ने प्रशंसा की।

शासकीय महाविद्यालय कंडेल में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

# भारत का इतिहास जनजाति वीरों के योगदान के बिना अधूरा : कमलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता करामनाथ कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता रायपुर व मुख्य अतिथि अश्वनी कांगे, विशिष्ट अतिथि योगेश नरेटी सामाजिक कार्यकर्ता, श्रीमती दिनेश्वरी साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति कंडेल, रोशन साहू, सरपंच गिरधर सार्वा, मुरहाराम कमलवंशी सेवानिवृत शिक्षक, रविकांत साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति सेजेस कंडेल, ओंकार नेताम थे।

संयोजक कमलेश कुमार दीवान सहायक प्राध्यापक ने कहा कि भारत का इतिहास जनजाति वीरों के योगदान के बिना अधूरा है। रामनाथ कश्यप ने कहा कि जनजाति नायकों को वह स्थान नहीं दिया गया जो मिलना चाहिए था। अश्वनी कांगे ने अपने उद्बोधन में वीर नारायण सिंह की लोकहित की लड़ाई ,बिरसा मुंडा का उलगुलान आंदोलन ,गुंडाधुर के भूमिकाल आंदोलन को स्वतंत्रता संग्राम के महान घटनाओं के रूप में चित्रित किया। श्रीमती दिनेश्वरी साहू ने छात्रों से अपील कि वह जनजाति स्वतंत्रता सेनानी से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के लिए कार्य करें और अपना नाम दर्ज करने की।

प्राचार्य रविशदास ने गोत्र व टोटम को आधुनिक विज्ञान से जोड़ते हुए इसके महत्व एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के सहसंयोजक नूतन कुमार दीवान ने किया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा जनजाति संस्कृति पर आधारित नृत्य, पोस्ट प्रदर्शन, निबंध लेखन, फैशन प्रतियोगिता और जनजाति स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति योगदान पर प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन लक्ष्मी नारायण सिन्हा ने किया।

मौके पर पीतांबर सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, मनुनारायण सारथी, डॉ. ऋचा शुक्ला, डॉ संगीता गोयल, सविता लहरे, दीक्षा सोम, टिकेश्वर साहू, डॉ. अयाज अहमद खान, डोमन यदु, श्रीमती शशि प्रभा, राधिका साहू उपस्थित थे।

# महाविद्यालय परिसर में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं महाविद्यालय के स्वच्छता प्रभारी प्रो. पंकज जैन, डॉ. आकांक्षा मिश्रा कैम्पस अंबेसडर अर्पणा शर्मा एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता का संदेश कार्यक्रम का आयोजन कर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता प्रभारी प्रो. पंकज जैन, डॉ आकांक्षा मिश्रा, अर्पणा शर्मा, गीतांजलि नाग, चंद्रिका, भावना, शोभा, यामिनी, अनुराग, अमरीका पैकरा, मनीषा, डिगेश्वर एवं अन्य छात्र-छात्राओं के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार-प्रसार किया गया। स्वच्छता प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने बताया कि महाविद्यालय में नियमित रूप से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाता है। सभी का नैतिक दायित्व है कि हम अपने परिवार, समाज, गांव, शहर को स्वच्छ रखने व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

## खबर संक्षेप

### 4 तहसीलदार और 2 सीएमओ को शोकाज नोटिस

**दंतेवाड़ा।** विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जिले में प्रगतिशील है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार गणना पत्रक का डिजिटल रूपांतरण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा प्रतिदिन शाम 6 बजे गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन की प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाती है। 24 नवंबर को आयोजित समीक्षा बैठक में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की प्रगति अत्यंत कम पाई गई। इसके तहत कटेकल्याण तहसीलदार का प्रतिशत 43.67, दंतेवाड़ा 48.24, बड़े बचेली 44.41, कुआकोंडा 43.13 तथा नगर पंचायत गीदम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी का प्रतिशत 49.62 और दंतेवाड़ा का 44.85 दर्ज किया गया। यह आंकड़े अपेक्षाकृत कम होने से कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट करते हुए स्पष्ट कहा कि संबंधित अधिकारी गणना पत्रकों के डिजिटाइज्ड कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं जो निर्वाचन कार्य में लापरवाही तथा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को दर्शाता है। इसके साथ ही उन्होंने उपरोक्त अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कार्य समय पर पूर्ण नहीं होता, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

### यशोदा ने 2 लाख ऋण लेकर शुरू किया स्वयं का व्यवसाय

**दंतेवाड़ा।** वर्ष 2023-24 से पहले ग्राम कुआकोण्डा पुजारीपारा की रहने वाली कुमारी यशोदा नाग अपने अनिश्चित भविष्य और परिवार की खराब आर्थिक स्थिति की समस्याओं से जूझ रही थी। पिता स्व. लक्ष्मीनाथ नाग के स्वर्गवासी होने के पश्चात परिवार को देखरेख का भार उसके कंधों पर आ पड़ा था। परिवार में उनके मां के अलावा दो छोटे भाई बहन भी थें जिनकें पढ़ाई लिखाई का जिम्मा भी उसे उठाना था। उसने पारिवारिक जिम्मेदारी के चलते वह केवल 12 वीं तक ही पढ़ाई कर पाई थी। अंततः जिला अंत्याव्यसायी सहकारी विकास समिति की आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के बारे में उसने जानकारी जुटाई और कार्यालय जिला समिति दन्तेवाड़ा में आकर आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना में सभी आवश्यक दस्तावेज जमाकर इस योजना की सफल लाभार्थी बनने का सपना साकार किया। यशोदा बताती है कि व्यवसाय संचालन के लिए कार्यालय द्वारा 2 लाख रूपये का ऋण प्रदाय किया गया।
मैंने इस ऋण राशि से किराना व्यवसाय का कार्य प्रारम्भ किया। इस व्यवसाय से मुझे प्रति माह 7 से 10 हजार तक की आय होती है। जिससे मेरे एवं परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। मुझे ऋण किश्त राशि जमा करने में किसी प्रकार की कठिनाइयां नहीं हो रही है। मैं स्वंय का व्यवसाय संचालित कर बहुत खुश हूं।

### पीएचसी आयुष्मान आड़ावाल अस्पताल को दी व्हीलचेयर

**जगदलपुर।** पीएचसी आयुष्मान आड़ावाल अस्पताल में सोमवार को भावपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब स्व. दिनेश मिश्रा की स्मृति में उनकी पत्नी अंजली मिश्रा ने अस्पताल के लिए व्हीलचेयर दान की। इस अवसर पर उनकी बेटियां सोनल मिश्रा एवं प्रेरणा मिश्रा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रदीप देवांगन, समाजसेवी हीरामन कुकड़े, आड़ावाल सरपंच श्रीमती जयंती कश्यप, उपसरपंच जेना तथा ग्राम सचिव तूलमनी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने मिश्रा परिवार की इस सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की सराहना की।

### राजीव भवन में प्रदेश महामंत्री ने ली बैठक

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने राजीव भवन में संगठनात्मक विषयों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, महामंत्री जाहिद हुसैन, सुभाष गुलाटी, गौरनाथ नाग, यूंका अध्यक्ष निकेत राज झा, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, पार्षद, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेटवर्क, सर्वर डाउन के साथ कई तकनीकी समस्याएं

# ऑनलाइन टोकन काटने में किसानों को हो रही दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रदेश सरकार के निर्देश पर धमतरी जिले में पिछले 15 नवंबर से 74 समिति और 100 केन्द्रों में करीब 1 लाख 22 हजार 800 पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर 66.32 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन मोबाइल एप तुंहर टोकन से टोकन कटवाने में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को सर्वर डाउन एवं ओटीपी नहीं आने सम्बन्धी कई व्यवहारिक दिक्कतों से गुजरना पड़ रहा है। किसानों ने शासन-प्रशासन से व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में टोकन कटवाने के लिए किसानों को भारी मशक्कत करनी पड़ती थी। शासन ने इसे गंभीरता से लिया और उन्हें सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से तुंहर टोकन एंड्राइड एप लांच किया। लेकिन इसमें भी अनेक समस्याओं से किसानों को जूझना पड़ रहा है। जुगदेही सोसाइटी के किसान चिंता राम, यीशु साहू, अहिल्याबाई, रामेश्वरी, पुनारद राम ने बताया कि सुबह 8 बजे वे एप खोलते है तो सर्वर 15 मिनट तक खुलता ही नहीं है, खुल भी जाता है तो लेट से ओटीपी आता है एवं ओटीपी भरते उस दिन के लिए निर्धारित धान खरीदी की लिमिट समाप्त हो जाती है।




#### क्या है धमतरी जिले में धान खरीदी की स्थिति

जिला खाद्य अधिकारी श) बी. के. कोर्राम ने जानकारी दी कि अब तक कुल 4,31,934.40 क्विंटल धान, जिसका मूल्य 102.52 करोड़ रुपये है, किसानों से खरीदा जा चुका है। खरीदी की यह प्रगति जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन और मजबूत डिजिटल प्रणाली का परिणाम है।किसानों की सुविधा और भीड़ नियंत्रण के लिए जारी की गई टोकन प्रणाली अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। इसके माध्यम से उपार्जन केंद्रों में पारदर्शिता, अनुशासन और व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कल दिनांक 25 नवम्बर 2025 के लिए 2,709 किसानों को टोकन जारी किए गए हैं, जिसके अंतर्गत 98,540.67 क्विंटल धान की खरीदी निर्धारित है। शनिवार और रविवार को अवकाश के बावजूद प्रशासन द्वारा संपूर्ण कार्ययोजना पूर्व में तैयार कर दी गई है जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

#### नेटवर्क के अलावा अन्य कई तरह की है समस्या

किसान नन्दकुमार, कामता प्रसाद, केवल, छबिलाल आदि ने बताया कि जब हम ऑनलाइन टोकन काटने एप खोलते है तो एप्स ढंग से खुलता नही जगह जगह जिओ का टॉवर होने के बाद भी यह स्थिति बनी हुई है। जब एप्स काम करना शुरू करता है तो लिमिट समाप्त हो जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ किसानों का तो डीएम आर, वास्तु, ऋण खाता सत्यापन नही होने का संकेत आता जबकि वह सब चीज सोसायटी एवं ऑनलाइन में च्वाइस सेंटर से अपडेट करवा चुके है। किसानों ने यह भी बताया कि सोसायटियों में भी ऑफलाइन टोकन काटने के लिए नम्बर लगाए है लेकिन अब तक उनका नम्बर नही आ पाया है।

# बारिश समाप्ति के एक माह बाद भी सड़कों का डामरीकरण नहीं हो पाया

- देवपुर-सिहावा मार्ग निर्माण कार्य की धीमी गति से क्षेत्रवासियों में नाराजगी
- धूल के गुबार, गड्ढों की वजह से हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड की सड़कों की स्थिति काफी खराब है। बारिश समाप्त होने के बाद भी रोड का डामरीकरण नहीं किया जा रहा है।



देवपुर-सिहावा मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी नाराज़गी है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य बार-बार रुकने के कारण सड़क अधूरी पड़ी हुई है। धूल के गुबार, उड़ती गिट्टी और गड्ढों की वजह से लोगों को प्रतिदिन परेशानी उठानी पड़ रही है।

आंखों में कंकड़-पत्थर जाने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सोनामगर मार्ग पर स्थित सब्जी बाजार व्यापारी भी शिकायत कर रहे हैं कि सड़क से उठने वाली धूल सीधे सब्जियों पर जम रही है। आसपास के घरों में भी डस्ट की परत साफ दिखाई देती है। लोग मुंह पर स्कार्फ बांधकर बाजार आ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा सड़क पर पानी तो डाला जाता है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। कई स्थानों पर केवल गिट्टी बिछी है, जिसके कारण दोपहिया वाहन फिसलने की घटनाएं बढ़ रही हैं। सोनामगर की एक महिला हाल ही में फिसलकर घायल हो गई थी।

इधर घटुला-बोराई मार्ग पर भी ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा रिपेयरिंग के नाम पर सिर्फ मिट्टी डालकर औपचारिकता निभाई जा रही है, जबकि स्थायी मरम्मत अब तक नहीं हुई। वहीं बेलर-जैतपुरी मार्ग पर ग्राम पंचायत भुरसीडोंगरी के निकट वर्षा जल निकासी हेतु पूर्व में बनाई गई नाली की मरम्मत लंबे समय से नहीं हुई है। नाली बंद होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर फैल जाता है। विकासखंड नेत्र अधिकारी देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि धूल, गिट्टी और कंकड़ के कण आंखों में जाने से संक्रमण, खुजली एवं अन्य नेत्र समस्या होने का खतरा रहता है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य को तेज गति से पूरा कराया जाए तथा धूल, गिट्टी, गड्ढों और जल निकासी की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका कम हो और लोगों को राहत मिल सके। वहीं विभागीय अधिकारी ने जल्द ही डामरीकरण निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही है।

# अब तक 1144.2 क्विंटल अवैध धान जब्त

- अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान खरीदी के दौरान अवैध भण्डारण, परिवहन एवं पुनर्चक्रण पर रोक लगाने कलेक्ट के निर्देशानुसार जिला एवं तहसील स्तर पर उड़नदस्ता दल गठित किए गए हैं, जिनमें राजस्व, मंडी, खाद्य, सहकारिता एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये दल लगातार क्षेत्र में निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं। उड़ीसा सीमा क्षेत्र के बोराई (घुटकेल), बांसपानी, बनरौद एवं सांकरा चेक पोस्ट में नगर सैनिक, वन विभाग, मंडी तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती कर अवैध धान परिवहन पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

गठित ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा 17 अक्टूबर 2025 से 20 नवंबर 2025 तक मण्डी अधिनियम 1972 के तहत 21 प्रकरण दर्ज कर कुल 893.6



क्विंटल अवैध धान जप्त किया जा चुका है। इसी क्रम में 24 नवंबर को नगरी ब्लॉक के उड़नदस्ता दल ने ग्राम बिरगुड़ी तहसील बेलरगांव के पास जांच के दौरान अवैध धान परिवहन करते हुए युवराज पिता रामरतन सलाम ग्राम घुटकेल जिला धमतरी से 134.50 क्विंटल तथा अर्जुन पिता मेघनाथ ग्राम लिहागांव जिला कोण्डागांव से 116.10 क्विंटल धान जप्त किया।

इस प्रकार जिले में अब तक कुल 23 प्रकरण दर्ज करते हुए 1144.2 क्विंटल अवैध धान मण्डी अधिनियम 1972 के तहत जप्त किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध कठोर और सतत कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बच्चों को नवाचार से शिक्षा देने पर दिया जोर

- सशिमं करेली बड़ी में संकुल स्तरीय आचार्य आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

सरस्वती जिला ग्राम भारती के निर्देशन में सरस्वती शिशु मंदिर करेली बड़ी में रविवार को संकुल स्तरीय आचार्य आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। हाई स्कूल करेली बड़ी के अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू ने कहा कि शिक्षक कम वेतन में भी समय देकर बच्चों को संस्कार और विद्या प्रदान करते हैं। यह विद्यालय संस्कारों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षक जो सीख रहे हैं, उसका लाभ बच्चों तक अवश्य पहुंचाना चाहिए। संयोजक भोजराम साहू ने आचार्य दीदी की शिक्षा की प्रशंसा की।

सरपंच खेमलता साहू ने कहा कि यह विद्यालय बच्चों को संस्कारी, प्रेरित और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने शिक्षकों को फलदार पेड़ों की तरह बताया जो बच्चों को सींचकर उन्हें योग्य इंसान बनाते हैं। साथ ही बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शस्त्र शिक्षा की आवश्यकता पर भी जोर दिया।





पर्यावरण एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षक गजराज साहू ने गतिविधि आधारित शिक्षण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खेल-खेल में पर्यावरण और भाषा की जटिलताओं को सरल बनाया जा सकता है। अंग्रेजी के स्वर, रिमिंग वर्ड, दो एवं तीन अक्षरों के शब्द निर्माण, साइलेंट लेटर तथा उच्चारण के आसान तरीके प्रस्तुत किए। विभिन्न विद्यालयों की आचार्य दीदियों ने भी अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण विषयों को गतिविधि आधारित तरीके से प्रदर्शित किया। समापन अवसर पर ग्राम भारती जिला अध्यक्ष एवं प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु नवाचार आवश्यक है। गतिविधि आधारित शिक्षण से बच्चों की रुचि बढ़ती है और वे रटने की पद्धति से दूर होकर समझकर सीखते हैं। जिला समन्वयक थानसिंग साहू ने शिक्षा संस्थान की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पोखन लाल साहू, महेंद्र कुमार साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष नारायण साहू, सुखी राम साहू, गौतम सिंह साहू, जितेंद्र सोनी, दानेश्वर सिन्हा, प्रदीप साहू, चोवाराम निषाद, हीरालाल साहू, भोजराम साहू, टोमन लाल साहू, संकुल समन्वयक चेला राम पटेल, प्रधानपाठक शंकर साहू, नूतन कुमार साहू, वेदराम सिन्हा, गोविंद निषाद, सन्तुराम निषाद, रूपेश साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# अब बच्चों की केवल फोटो लेकर ही ऊंचाई और वजन का सटीक माप कर सकेंगे

- आंगनबाड़ी बच्चों के पोषण मापन के लिए एआई आधारित ऐप 'सुधार' लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी और विकास मापन को आसान बनाने के लिए एआई आधारित मोबाइल एप्लीकेशन सुधार का शुभारंभ किया गया।

SUDHAR का पूरा अर्थ है – SUposhit DHAmtari Reform। इस ऐप की विशेषता यह है कि इसके माध्यम से बच्चों की केवल फोटो लेकर ही ऊंचाई और वजन का सटीक मापन किया जा सकता है। यह मानव त्रुटियों को दूर करता है और मापन उपकरणों की अनुपलब्धता या उससे होने वाली गलतियों को समाप्त करता है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि चूंकि यह केवल एक मोबाइल एप है, इसलिए इसका उपयोग कहीं भी किया जा सकता है। यह उन जनजाति-आधारित दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए भी बेहद उपयोगी है, जो आंगनबाड़ी



केंद्र तक आने में असमर्थ हैं। ऐप के माध्यम से उनका मापन वहीं किया जा सकता है और आवश्यक पोषण संबंधी सलाह दी जा सकती है।

सुधार ऐप की एक और खासियत यह है कि यह केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए ही नहीं बल्कि माता-पिता के लिए भी उपयोगी है। घर पर रहते हुए वे अपने बच्चों की विकास प्रक्रिया पर नजर रख सकते हैं और समय पर उचित कदम उठा सकते हैं।

कलेक्टर ने कहा कि यह पहल बच्चों के पोषण और विकास में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसे पूरे जिले में व्यापक रूप से लागू किया जाएगा।

# कर्मचारियों के लौटने से धान खरीदी ने रफ्तार पकड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सहकारी समिति के नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि पूरे प्रदेश में पूरे रफ्तार से धान खरीदी हो रही है। प्रदेश के सहकारी समिति कर्मचारी किसानों की धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए आंदोलन से वापस आ चुके हैं। इससे धान खरीदी सहित समस्त कार्य की गति पहले की भांति दौड़ रही है।

मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री, अशोक बजाज, मंत्री टंकराम वर्मा के आश्वासन पर कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी मंत्रियों का संगठन की ओर से व्यक्त किया है।

### प्राथमिक शाला जामली में लगा आनन्द मेला

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला जामली में प्रधान पाठक डेवेश कुमार साहू के निर्देश पर बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए आनन्द मेला का आयोजन किया गया। बच्चे कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन घर से बनाकर बेचने के लिए लाए थे जिसमें छत्तीसगढ़ी स्वादिष्ट व्यंजन अरसा रोटी, गुलगुला भजिया, आलू भजिया, बेशन भजिया, चना चरपटी, पुड़ी, गोल गप्पे, रसगुल्ला इत्यादि शामिल है। गांव के लोग भी बड़े उत्साह के साथ ग्राहक बनकर विभिन्न व्यंजनों को खरीदकर उसका स्वाद लिए।

# गंगरेल रिसोर्ट में नए मैनेजर की नियुक्ति

- अतिथियों को बेहतर एवं उच्च गुणवत्ता वाली मिलेंगी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में नये मैनेजर सुमन्त कुमार की नियुक्ति हुई है। सुमन्त कुमार सिंह को हॉस्पिटैलिटी उद्योग में 16 वर्षों का अनुभव है। उनके अनुभव का लाभ गंगरेल रिसोर्ट को मिलेगा।

अल्विस मैनेजमेंट के सीईओ मनोज कुमार ने बताया कि सुमन्त सिंह भारत के प्रमुख होटल ब्रांड्स रामादा होटल्स, बेलीलॉन ग्रुप आफ होटल्स, रायल आर्चिड




होटल्स में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अतिथि सेवा, संचालन प्रबंधन, गुणवत्ता सुधार एवं टीम नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

उन्होंने गंगरेल लेकव्यू रिसोर्ट के लिए पदभार ग्रहण कर सम्पूर्ण संचालन प्रणाली, सेवा मानकों तथा अतिथि संतुष्टि को नये स्तर पर ले जाने की जिम्मेदारी संभाल ली है। उनका अनुभव गंगरेल रिसोर्ट के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। उनकी विशेषता से रिसोर्ट संचालन में सुधार होगा। यहां आने वाले अतिथियों को और बेहतर उच्च गुणवत्ता वाला सेवाएं प्राप्त होंगी।

सभी विकासखण्ड की 10-10 पंचायतों में 100 प्रतिशत फसल चक्र लागू करने का लक्ष्य

# फसल चक्र अपनाने से बढ़ेगा भूजल स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में कृषि को टिकाऊ, लाभकारी और जल-संरक्षण आधारित बनाने के लिए फसल चक्र परिवर्तन अभियान ने जोर पकड़ लिया है। लगातार धान की खेती और नलकूपों पर भारी निर्भरता से बढ़ते जल संकट को देखते हुए प्रशासन अब किसानों को दलहन, तिलहन, मक्का और लघु धान्य जैसी वैकल्पिक फसलों की ओर मोड़ रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में चल रहा यह अभियान अंचल की खेती का भविष्य बदलने वाला साबित हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार जिले के लगभग 50 गांव पूरी तरह फसल चक्र अपनाने के लिए तैयार हो चुके हैं। कृषि विभाग की मैदानी टीमें लगातार गांव-गांव में बैठक, जागरुकता कार्यक्रम और किसान संपर्क अभियानों के माध्यम से किसानों को नई फसलों के फायदे समझा रही हैं। सभी विकासखण्ड की 10-10 पंचायतों में 100 प्रतिशत फसल चक्र लागू करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि जिले में खेती का संतुलन पुनः स्थापित हो सके।



उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि किसानों को ग्रीष्मकालीन धान की जगह चना, सरसों, तिवड़ा, मक्का और अन्य दलहनी-तिलहनी फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे न केवल मिट्टी की उर्वरता बरकरार रहेगी, बल्कि भूमिगत जलस्तर भी सुधरेगा। इतना ही नहीं इन फसलों के बढ़ने से बाजार में दलहन-तिलहन की उपलब्धता बढ़ेगी और कीमतें स्थिर रहेंगी। शासन द्वारा इन फसलों पर समर्थन मूल्य देने से किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

पिछले वर्ष परसतराई, रांवा और पचपेड़ी गांवों को 100 प्रतिशत फसल चक्र अपनाने पर सम्मानित किया गया था। इस साल भी जिन गांवों में रबी सीजन में दलहन-तिलहन का रकबा बढ़ेगा, उन गांवों को प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

वहीं, जिले की 44 प्राथमिक सहकारी समितियों में बीज का पर्याप्त भंडारण किया गया है। वर्तमान में समितियों में 93.20 क्विंटल गेहूं, 347.70 क्विंटल चना, 23.10 क्विंटल तिवड़ा और 16.40 क्विंटल सरसों उपलब्ध है। किसानों से अपील की गई है कि वे अपने नज़दीकी समितियों और कृषि विस्तार अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर समय पर बीज उठाव करें।

श्री साहू ने बताया कि फसल विविधिकरण की यह पहल जिले में जल-संरक्षण, मिट्टी सुधार और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो आने वाले समय में धमतरी को टिकाऊ कृषि मॉडल की मिसाल बना देगा।

# जनपद सभापति ने किया वैभवी का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी ग्राम सांकरा पहुंची, जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर 17वीं रैंक हासिल करने वाली वैभवी साहू एवं उनके परिवारजनों से सौजन्य भेंट की। उन्होंने वैभवी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वैभवी साहू वर्तमान में एडीआई के पद पर महासमुंद में पदस्थ हैं। उनके पिता प्रदीप कुमार साहू व्याख्याता तथा मां पीएमनवागांव सांकरा में प्रधानपाठक के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर भाजपा मंडल नगरी महामंत्री सुलोचना साहू, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य चित्रांश नागवंशी सहित वैभवी साहू के परिजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बाइक की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**धमतरी।** तेज रफ्तार बाइक ने खेत जा रहे साइकिल सवार वृद्ध को ठोकर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार पनफूराम मंडावी पिता हीराराम उम्र 74 वर्ष ग्राम चौड़ी थाना चारामा निवासी किसानी का काम करता था। बीते शनिवार को वृद्ध साइकिल से अपने खेत जा रहा था। इसी दौरान गांव के पुल के पास तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसकी साइकिल को ठोकर मार दी। घटना में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चारामा अस्पताल ले जाया गया। यहां से रिफर करने पर वृद्ध को धमतरी मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल वृद्ध की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण 1 दिसंबर से

**धमतरी।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार विकास संस्थान में एक दिसंबर से मशरूम उत्पादन का 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। निदेशक बड़ौदा आरसेटी आशीष समुएल लकड़ा ने बताया कि पूरी तरह से आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 18 से 50 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान आयस्टर मशरूम उत्पादन विधि, मशरूम के प्रकार, पैरा-कुट्टी उपचार विधि, बैग तैयार करना, मशरूम बड़ी, सूखा मशरूम और मशरूम उत्पादन की जानकारी सहित उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

### खरथा में अव्यवस्थाओं के बीच धान खरीदी का शुभारंभ, किसान परेशान

**चारामा।** आदिम जाति सेवा सहकारिता समिति मर्यादित ग्राम खरथा का खरीदी केंद्र में अव्यवस्थाओं के बीच धान खरीदी का शुभारंभ सोमवार को किया गया। खरीदी केंद्रों में किसान परेशान नजर आए। ऑनलाइन व ऑफलाइन टोकन नहीं कटने से किसान परेशान है। ऑनलाइन प्रक्रिया के कारण तौल नहीं किया जा रहा है, जिससे किसान और परेशान नजर आ रहा है। ऑनलाइन सोसायटी मॉड्यूल लॉगिन बिना ओटीपी पासवर्ड नहीं आने के कारण सॉफ्टवेयर नहीं खुल रहा है। किसान को गेट पास नहीं हो रहा है। गेट पास होगा तब धान खरीदी होगा। किसान सुबह से धान लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन शाम होने तक सॉफ्टवेयर नहीं खुलने से किसानों को गेट पास नहीं मिल पा रहा हैं, जिससे किसानों का धान तौल भी नहीं हो पा रहा हैं। सोमवार को सात किसानों का धान खरीदी का टोकन कटा है।

### भानुप्रतापपुर मुख्य चौक में हुआ दिव्य धर्म ध्वजारोहण

**भानुप्रतापपुर।** अयोध्या धाम स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर सम्पन्न हुए भव्य धर्म ध्वजारोहण के शुभ अवसर पर भानुप्रतापपुर मुख्य चौक में भी उसी पावन मुहूर्त 11:58 बजे अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ दिव्य धर्म ध्वजारोहण सम्पन्न किया गया। श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान वातावरण में नगर के अनेक नागरिक एवं श्रद्धालु भक्तों ने सहभागिता कर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

## सिलीडीह मोबाइल दुकान में चोरी का खुलासा

# नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

सिलीडीह स्थित मोबाइल दुकान में हुई चोरी की वारदात का भखारा पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी गए सभी मोबाइल व कॉम्बो पैक बरामद कर मामले का खुलासा किया। यह कार्रवाई धमतरी एसपी के निर्देशन तथा भखारा पुलिस की सतत जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्णकांत साहू निवासी भैंसबोड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम सिलीडीह में उसकी मोबाइल दुकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। रोजाना की तरह 20 नवंबर की रात दुकान बंद करने के बाद 21 नवंबर की सुबह करीब 6 बजे पास की होटल के संचालक ने सूचना दी कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और शटर पर आग लगाने के निशान हैं। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि दुकान के ताले में आग लगाने का प्रयास किया गया था और ताला टूट चुका था। दुकान के अंदर से 4 कीपैड मोबाइल, 1 जियो भारत मोबाइल, 1 रेडमी 14C 5G एंड्रॉइड मोबाइल तथा 27 नग कॉम्बो पैक सहित कुल 29,650 रुपये का सामान चोरी हो गया था। मामले में थाना भखारा ने अपराध क्रमांक 141/25 धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की।



जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने एक अन्य विधि संघर्षरत बालक के साथ मिलकर दुकान का ताला पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की। असफल होने पर पत्थर से तोड़कर चोरी को अंजाम दिया।

पुलिस ने तीनों के पास से कुल 4 कीपैड मोबाइल, 1 जियो भारत मोबाइल, 1 रेडमी एंड्रॉइड मोबाइल एवं 27 कॉम्बो पैक बरामद किए। ठाकुरराम पाल पिता मिलाप राम पाल उम्र 28 वर्ष साकिन जरवायडीह चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी, अनिरूद्ध निषाद पिता संतोष निषाद उम्र 19 वर्ष साकिन जरवायडीह चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी एवं विधि से संघर्षरत बालक को सामाजिक पृष्ठभूमि तैयार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# मुंबई में खरतुली स्कूल के स्वयंसेवकों ने जमाया रंग



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवकों ने नेहरू साइंस सेंटर वरली मुम्बई में आयोजित पश्चिम भारत राष्ट्रीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह नाटिका स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर आधारित थी जिसमें लोगों की लापरवाही, गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार से फैलने वाली गंदगी, अस्वच्छता तथा उससे उत्पन्न होने वाले गंभीर दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

विज्ञान नाटिका का लेखन वंदना गोस्वामी तथा निर्देशन आकाशगिरी गोस्वामी ने किया। मायांशी साहू, वर्षा सिन्हा, मीनाक्षी धनकर, लोकेश साहू, थनेंद्र साहू, गगन विश्वकर्मा, धर्मेंद्र साहू तथा अभय प्रताप सिंह ने अपने-अपने किरदारों को अद्भुत अभिनय से जीवंत किया। संगीत संयोजन आशीष साहू, संगीत संचालन गगन विश्वकर्मा, वस्त्र निर्माण बसंत टेलर, मंच सज्जा धर्मेंद्र और अभय ने किया। इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

# महापौर ने लिया एसआईआर पुनरीक्षण कार्यों का जायजा

- प्रत्येक आवेदन की ऑनलाइन एंट्री त्रुटिरहित और समयबद्ध ढंग से हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम क्षेत्र में जारी विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का महापौर रामू रोहरा ने मराठापारा वार्ड स्थित शाला क्रमांक-3 में निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ), कंप्यूटर ऑपरेटरों तथा मितानिनों से कार्य की वर्तमान प्रगति, फॉर्म अपडेट की स्थिति एवं ऑनलाईन एंट्री की जानकारी ली।

महापौर ने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ना), फॉर्म-7 (नाम विलोपन), फॉर्म-8 (सुधार) सहित सभी प्रविष्टियों को शत-प्रतिशत सटीकता और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए। प्रत्येक आवेदन की ऑनलाइन एंट्री त्रुटिरहित और समयबद्ध ढंग से हो, जिससे मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता बनी रहे।



निरीक्षण के दौरान महापौर रोहरा ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है, इसलिए इस अभियान से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्व का ईमानदारी और गंभीरता से पालन करें। उन्होंने भरोसा जताया कि टीमवर्क और समर्पण के साथ यह कार्य निर्धारित समय में पूर्ण होगा।

महापौर रामू रोहरा ने नागरिकों से भी बातचीत की, उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा अपील की कि सभी मतदाता जल्द से जल्द आवश्यक फॉर्म जमा कर मतदान सूची को अद्यतन करने में सहयोग करें।

# धमतरी को मिलेगी टेंशन फ्री बिजली

**अर्जुनी में बन रहा हाई कैपेसिटी 132 केवी सब स्टेशन, बदलेगा पूरा पावर परिदृश्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में वर्षों से चली आ रही लो-वोल्टेज और बार-बार लाइन फॉल्ट की समस्या अब इतिहास बनने जा रही है। शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम अर्जुनी में 24 करोड़ रुपये की लागत से 132 केवी क्षमता वाला अत्याधुनिक विद्युत सब स्टेशन तेजी से आकार ले रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इसके चालू होते ही धमतरी अगले 20-30 वर्षों तक बिजली संकट से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।

यह नया सब स्टेशन न सिर्फ शहर, बल्कि धमतरी संभाग के ग्रामीण इलाकों के लिए भी गेम चेंजर साबित होगा। फिलहाल धमतरी क्षेत्र की एक बड़ी आबादी बालोद जिले के चिटौद सब स्टेशन पर निर्भर है। वहां बढ़े हुए लोड के कारण लो-वोल्टेज और लाइन फॉल्ट की दिक्कतें लगातार बनी रहती थीं। अब अर्जुनी स्टेशन बनने के बाद लोड का बड़ा हिस्सा यहां ट्रांसफर किया जाएगा, जिससे चिटौद पर दबाव कम होगा और आसपास के गांवों को भी बेहतर सप्लाई मिल सकेगी।

धमतरी संभाग सीएसईबी के ईई अनिल सोनी ने बताया कि जिले में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। सिर्फ धमतरी संभाग में ही 1 लाख 29 हजार उपभोक्ता हैं, जिनमें 21 हजार मोटर पंप कनेक्शन शामिल हैं। शहर की बात करें तो 30 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं और एसी, फ्रिज, हीटर, इलेक्ट्रिक स्टोव जैसे आधुनिक उपकरणों के बढ़ते उपयोग से प्रति व्यक्ति बिजली खपत में कई गुना इजाफा हो चुका है। मौजूदा 33/11 केवी के सब स्टेशन बढ़ती मांग को संभालने में सक्षम नहीं रह गए थे।

अर्जुनी में बन रहा 132/33 केवी का यह एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सबस्टेशन धमतरी के लिए एक नई ऊर्जा क्रांति की शुरुआत मानी जा रही है। नवंबर 2024 में शुरू हुए



निर्माण कार्य का 30-40 प्रतिशत हिस्सा पूरा हो चुका है। फिलहाल टॉवर लगाने और उपकरण स्थापित करने का काम तेजी से चल रहा है। विभाग को पूरा विश्वास है कि अप्रैल 2026 तक यह सब स्टेशन पूरी तरह तैयार होकर बिजली सप्लाई शुरू कर देगा।

इस नए स्टेशन के शुरू होते ही धमतरी के पांचों शहरी सब स्टेशनों हाउसिंग बोर्ड, कलेक्ट्रेट, जोधापुर, हरफतराई और शहर यंत्री कार्यालय का लोड संतुलित हो जाएगा। नतीजतन न सिर्फ लो-वोल्टेज की पुरानी समस्या दूर होगी, बल्कि बार-बार लाइन फॉल्ट की घटनाएं भी काफी हद तक खत्म हो जाएंगी।

श्री सोनी ने बताया कि अर्जुनी का नया सब स्टेशन धमतरी को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनाएगा। शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों को भी स्थिर और निर्बाध बिजली सप्लाई मिलेगी। यह परियोजना धमतरी की ऊर्जा जरूरतों को आने वाले लंबे समय तक मजबूती प्रदान करने जा रही है।

# एग्रीस्टेक पंजीयन के नाम पर किसान हो रहे परेशान : नीशु



- समिति स्तर पर राहत नहीं दी गई तो लोकतांत्रिक पद्धति से करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एग्रीस्टेक पंजीयन के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। अनेक किसान सोसाइटियों का चक्कर लगाकर थक गए हैं लेकिन अपनी उपज को बेचने में सफल नहीं हुए हैं। किसानों का धान खेतों में पड़ा हुआ है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने कहा है कि समिति स्तर पर किसानों को राहत नहीं दी गई तो किसानों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक पद्धति से आंदोलन करेंगे। श्री चन्द्राकर ने कहा है कि संयुक्त खातेदारी के नाम पर पहले एग्रीस्टेक पंजीयन में परेशानियों का सामना किसानों को करना पड़ा। उसके बाद कैरी फॉरवार्ड के नाम पर धान बेचने के लिए किसानों को रोका गया। अब रकबा में त्रुटि बताया जा रहा है। वर्तमान में धमतरी विकासखंड क्षेत्र के 5000 कृषक इस समस्या से पीड़ित हैं।

अकेले कंडेल नवागांव में 400 किसान धान बेचने से वंचित हैं। प्राथमिक कृषि सहकारी समिति बोड़रा डी में लगभग 300 किसानों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान श्री चंद्राकर के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम साहू, पूर्व जोन अध्यक्ष डाही डॉ. ओमप्रकाश सेन,, समाज सेवी सतीश चंद्राकर, पुनउ निर्मलकर, चमन साहू, लल्ला चंद्राकर, सुखदेव ध्रुव, पुष्पेंद्र साहू पूर्व उपसरपंच पुरी, ललित यादव, भगत उईके समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# आज कांग्रेस के सचिन, भूपेश, दीपक आयेंगे

- राजीव भवन में संगठन की गतिविधियों, एसआईआर पर करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कांग्रेस संगठन आज धमतरी में अपनी बड़ी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है। संविधान बचाओ दिवस और एसआईआर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज का आज 26 नवंबर को धमतरी आगमन प्रस्तावित है। दोपहर 12 बजे राजीव भवन में होने वाला यह कार्यक्रम संगठनात्मक मजबूती का अहम पड़ाव माना जा रहा है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकित सिंह गैंदू ने सोमवार को राजीव भवन में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की विशेष बैठक ली।



उन्होंने बताया कि सचिन पायलट संगठन की गतिविधियों, बीएलए की तैयारियों और निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर पर चर्चा करेंगे। यह कार्यक्रम जिले की राजनीति में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व विधायक लेखराम साहू, डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, जीव जंतु कल्याण बोर्ड सदस्य मदन मोहन खंडेलवाल, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, अखिलेश दुबे, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सूर्यप्रभा चेटियार, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा, सेवादल जिलाध्यक्ष होरीलाल साहू, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि धमतरी कांग्रेस इस आयोजन को शक्ति प्रदर्शन के रूप में देख रही है, जहां प्रदेश नेतृत्व कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर 2025 की राजनीतिक तैयारी की रूपरेखा तय करेगा। उन्होंने पार्टी के सभी प्रकोष्ठ से उपस्थिति की अपील की है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है एसआईआर : प्रीतेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वर्तमान में वास्तविक मतदाताओं की पहचान करने के लिए देशभर में केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे निर्वाचन नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में आवश्यक रूप से अपनी सभी जानकारी साझा करने का आग्रह भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी द्वारा करते हुए स्वयं भी ऑनलाइन अपनी सारी जानकारी को राज्य निर्वाचन आयोग की निर्वाचन सूची में साझा करते हुए दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित किया।

श्री गांधी ने एक अनौपचारिक चर्चा में बताया कि लोकतंत्र की मजबूती तथा सुदृढ़ीकरण हेतु एसआईआर एक कारगर उपाय है। चुनाव को पारदर्शिता तथा निष्पक्षता के साथ संपन्न करने के लिए उठाया गया यह कदम स्वागत योग्य है। राष्ट्र कार्य में अपना योगदान देना नैतिक कर्तव्य के साथ राष्ट्र धर्म भी है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 बीएलओ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 (एसआईआर) के तहत मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्रदान करने एवं गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन और शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन के लिए जिले के 19 बीएलओ को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, उपजिला निर्वाचन अधिकारी पवन प्रेमी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सम्मानित होने वालों में सिहावा विधानसभा के भोभलाबाहरा की श्रीमती नरीता नेताम, मुरूमडीह अंजना नेताम, टेकेश्वर कुमार साहू आमझर, श्रीमती बिमलेश्वरी धृतलहरे मैनपुर, संगीता कावड़े हितली, लक्ष्मी साहू माड़मसिल्ली, खेमराज साहू पंडरीपानी रैयत,





श्रीमती भगवती यादव सांकरा, देविका झुरातराई, देवराज कावड़े भोथापारा, बुन्दाबाई ध्रुव कुम्हड़ा, फुलेश्वरी साहू बकोरी शामिल है। इसी तरह धमतरी विधानसभा की वेदश्री तिवारी गुजरा, खिलेश्वर साहू जालमपुर, श्रीमती सुखबती बघेल चिखली, संजय गुप्ता बठेना वार्ड, दिलीप कुमार ध्रुव तेन्दूकोना और कुरूद विधानसभा की श्रीमती सीमा मेश्राम कन्हारपुरी तथा तेज साहू परसवानी सम्मिलित हैं।

### पेंशनर जीवित प्रमाण-पत्र 30 तक जमा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी के अध्यक्ष आरएल देव ने बताया कि वर्ष 2025 के लिए जीवित प्रमाण- पत्र जमा करने की अंतिम तिथि निकट है। नवम्बर माह समाप्त होने को है, इसलिए जिन पेंशनरों ने अब तक अपना या परिवार पेंशन हेतु जीवित प्रमाण पत्र नहीं भरा है, वे शीघ्र ही कार्यालय पहुंचकर प्रक्रिया पूर्ण कर लें। यदि किसी पेंशनर ने अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन, च्वाइस सेंटर या बैंक के माध्यम से जमा कर दिया है, तो भी उन्हें पेंशनर्स कार्यालय में आकर रजिस्टर में अपना नाम दर्ज कराना आवश्यक है।

# ननि में उपमुख्यमंत्री साव का जन्मदिन मना

**धमतरी।** नगर निगम परिसर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव का जन्मदिन पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पटाखे फोड़कर एवं मिठाई वितरण के साथ हुई, जिसमें माहौल खुशनुमा और ऊर्जा से भर गया।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, सभापति, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी तथा निगम के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री साव के प्रति अपना



सम्मान और शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि अरुण साव जनसेवा, सरलता और समर्पण की मिसाल हैं। उनका नेतृत्व प्रदेश के विकास का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें दीर्घायु, स्वास्थ्य और निरंतर ऊर्जा प्रदान हो।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020